हाइपरटेंशन

प्रलिम्स के लिये:

गैर-संचारी रोग, आईएचसीआई, उच्च रक्तचाप।

मेन्स के लिये:

स्वास्थ्य, उच्च रक्तचाप से संबंधित चिंताएँ।

चर्चा में क्यों?

भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण (प्रबंधन) पहल (**India Hypertension Control Initiative-** IHCI) नामक परियोजना के अनुसार, 2.1 मिलियन भारतीयों में से लगभग 23% का रक्तचाप अनियंत्रित (Uncontrolled Blood Pressure) है।

- 2.5 करोड़ व्यक्तियों के लिये रक्तचाप का प्रबंधन कर अगले 10 वर्षों में हृदय रोग से होने वाली पाँच लाख मौतों को रोका जा सकता है।

हाइपरटेंशन:

- **हाइपरटेंशन के बारे में:**
  - रक्तचाप शरीर की धमनियों (Arteries) द्वारा शरीर की प्रमुख रक्त वाहिकाओं (Blood Vessels) की दीवारों पर परिसंचारी रक्त (Circulating Blood) द्वारा लगाया जाने वाला बल है।
    - हाइपरटेंशन की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब रक्तचाप बहुत अधिक होता है।
  - इसे प्रकुंचन रक्तदाब स्तर 140 mmHg से अधिक या उसके बराबर या संकुचन रक्तदाब स्तर 90 mmHg से अधिक या उसके बराबर या/और रक्तदाब को कम करने के लिये 'एंटी-हाइपरटेंसिव' दवा लेने के रूप में परिभाषित किया गया है।
- **प्रसार:**
  - दक्षिणी राज्यों में राष्ट्रीय औसत की तुलना में उच्च रक्तचाप का प्रसार अधिक है।
    - केरल (32.8% पुरुष और 30.9% महिलाएँ) में तेलंगाना के बाद सबसे अधिक ऐसे लोगों की संख्या है।
  - देश में 21.3% महिलाओं और 15 वर्ष से अधिक आयु के 24% पुरुषों में हाइपरटेंशन की समस्या है।
- **WHO की प्रतिक्रिया:**
  - यह दिशा-निर्देश उच्च रक्तचाप के उपचार की शुरुआत के लिये साक्ष्य-आधारित सिफारिशें प्रदान करता है और आगे की कार्रवाई हेतु अनुशंसा करता है।
    - वर्ष 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने वयस्कों में उच्च रक्तचाप के औषधीय उपचार के संदर्भ में नए दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण (प्रबंधन) पहल (IHCI):

- यह कार्यक्रम नवंबर 2017 में शुरू किया गया था।
- पहले वर्ष में IHCI ने **पाँच राज्यों**- पंजाब, केरल, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के 26 ज़िलों को कवर किया।
- दिसंबर 2020 तक IHCI को दस राज्यों– आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के 52 ज़िलों में विस्तारित किया गया था।
- स्वास्थ्य मंत्रालय, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, राज्य सरकारों और डब्ल्यूएचओ-भारत ने उच्च रक्तचाप की निगरानी एवं उपचार के लिये पाँच वर्षीय पहल शुरू की है।
- भारत **"25 by 25"** के अपने लक्ष्य के लिये प्रतिबद्ध है।
  - यह लक्ष्य वर्ष 2025 तक गैर-संचारी रोगों (NCD) के कारण समय से पहले मृत्यु दर को 25% तक कम करना है।
  - नौ स्वैच्छिक लक्ष्यों में से एक में 2025 तक उच्च रक्तचाप के प्रसार को 25% तक कम करना शामिल है।

स्रोत : द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hypertension-2